# 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## मेचों का आनंद लेने रूद्र मैदान आये नगरवासी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के प्रयासों से लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नगर के पुराना कॉलेज स्थित रूद्र मैदान मे खेली जा रही 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता मे दूसरे दिन अनेक मैच खेले गए। मेचों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या मे नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों नें रूद्र मैदान पहुँचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों मे खिलाड़ियों नें बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को मैच जिताया। बीते रविवार को युग कवि कुमार विश्वास के कार्यक्रम के चलते दोपहर तक ही मेचों का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के कंट्रोल रूम से सहायक नोडल अधिकारी अमित पटैल से मिली जानकारी के अनुसार दूसरे दिन खेले गए मेचों के बालक वर्ग मे छत्तीसगढ़ नें पंजाब को 61, पश्चिम बंगाल नें झारखण्ड को 7,



जम्मू कश्मीर नें त्रिपुरा को 17,केरल नें सीबीएसई को 23, हरियाणा नें नवोदय विद्यालय को 1, मप्र नें उत्तराखण्ड को 19, कर्नाटक नें मणिपुर को 40, तेलंगाना नें दादर नगर हवेली को 28 अंको के अंतर से हराया। इसी प्रकार बालिका वर्गों के मेचों मे तेलंगाना नें मणिपुर को 7, बिहार नें आंध्रप्रदेश को 35, केरला नें त्रिपुरा को 33, झारखंड नें सीबीएसई को 5, तमिलनाडु नें आसाम को 13, पंजाब नें छग को 28, गुजरात नें दिल्ली को 7, राजस्थान नें जम्मू कश्मीर को 43 अंको के अंतर से हराया। उल्लेखनीय है कि पहले दिन देर रात तक अनेक मैच खेले गए जिन्हे देखने नागरिकों व खेलप्रेमियों का हुजूम रूद्र मैदान पर लगा रहा। प्रतियोगिता स्थल पर चिकित्सा विभाग की टीम भी काफ़ी सक्रियता से कार्य कर रही है। प्रतियोगिता मे भारतीय पुरुष कबड्डी टीम के पूर्व कोच एवं द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित बलवान सिंह भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे है। मेचों के आयोजन मे मप्र कबड्डी फेडरेशन के सचिव जे सी शर्मा, स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इण्डिया के फील्ड मैनेजर अजय चंदेल सहित नियुक्त आफिसियल्स का सहयोग निरंतर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन राव अनुज प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, वीरेंद्र फौजदार, सुरेश श्रीवास्तव, घनश्याम राजपूत, योगेश कौरव, राव संदीप सिंह, शैलेन्द्र जैन, प्रियांक जैन, अशोक भार्गव, सुरेन्द्र गुर्जर, आनंद दुबे, पूजा तिवारी के अलावा एसडीएम कलावती ब्यारे, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा सहित अन्य आयोजन से जुड़े लोगो नें व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षाओं के लिए परिषद, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, नवोदय विद्यालय समिति, उड़ीसा, पुदुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, असम, सीबीएसई कल्याण खेल संगठन, सीबीएसई, दादर एवं नगर हवेली और दमन दीप , दिल्ली और गोवा की टीमे सहभागिता कर रही है। टीमों के 8 पूल बनाये गए है। आयोजन समिति के प्रचार प्रसार समिति के सहप्रभारी मधुसूदन पटैल नें बताया कि 18 नवंबर को आयोजन के तीसरे दिन सुबह से लेकर रात तक अनेक मैच खेले जायेंगे। समिति नें खेल प्रेमियों से उपस्थित होकर मैचो का आनंद लेने की अपील की है।

# फोटो निर्वाचक नामावली के कार्य को गंभीरता से ले

## अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टर से की चर्चा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कौल ने रविवार को सर्किट हाउस नरसिंहपुर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के अंतर्गत जिले में चल रही गतिविधियों के संबंध कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले से चर्चा की।

श्री कौल ने यहाँ मौजूद बीएलओ और सुपरवाईजर से कहा कि फोटो निर्वाचक नामावली के कार्य को गंभीरता से लें। बीएलओ अनिवार्य रूप से मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करें।मतदाता सूची में किसी भी मृत व्यक्ति का नाम न हो, यह भी सुनिश्चित करें। बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) प्रत्येक घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें।यह कार्य पूरी सतर्कता से किया जाये।

बैठक में श्री कौल ने कहा कि फॉर्म 7 के माध्यम से ऐसे मतदाता, जिनका नाम एक से अधिक जगह पर दर्ज है, हटाने की कार्रवाई करें। फॉर्म 8 भरकर मतदाता वोटर आईडी कार्ड में त्रुटियों का संशोधन भी इस दौरान करा सकते हैं।

साथ ही लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाये। 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नाम जुड़वाने आवेदन कर सकते हैं।

## सार-समाचार

### 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य जिले में शुरू हो चुका है। हर साल 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच देने वाली इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाये जा रहे है। समग्र डेटा बेस के अनुसार जिले में 58 हजार 797 वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत निरामयम योजना के पात्र है। यह कार्ड समग्र आईडी और आधार कार्ड के आधार पर बनाये जा रहे है। आधार कार्ड में दर्ज आयु को ही इसके लिये मान्य किया जायेगा। प्राप्त जानकारी अनुसार 15 नवम्बर को 766 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। अब तक 6 हजार 410 कार्ड बनाये जा चुके हैं। शेष कार्ड बनाये जाने का कार्य अभी जारी है। इस लक्ष्य को अगले एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा।

### महामंडलेश्वर रामकृष्णानंद महाराज का किया पादुका पूजन




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस जानकी नगर कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर स्थित पंडित गोविंद दुबे/(चिरचिटा वाले पंडितजी)के यहां अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रम्हर्षि श्री रामकृष्णानंद जी महाराज का आगमन उनके निवास आगमन हुआ। जहां उनका परिवार सहित पंडित गोविंद दुबे द्वारा उनका पादुका पूजन किया गया और परिवार के समस्त समस्त लोग पिता छोटे भैया दुबे, चाचा राम कुमार दुबे, गोपाल दुबे, छोटे भाई संतोष दुबे कमलेश दुबे सुमित दुबे सहित परिवार जनों के आसपास निवासियों ने उनका स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मनाई गुरु नानक जयंती बताया कार्तिक पूर्णिमा का महत्व




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ जन परिषद द्वारा गायत्री मंदिर सभागृह सदर मढ़िया नरसिंहपुर में गुरु नानक जी जंयती मनाई गई वहीं विद्वानों ने कार्तिक पूर्णिमा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। परिषद अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी व डा.महेश त्रिपाठी ने मां गायत्री का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाजसेवी डा.अनंत दुबे वरिष्ठ साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी पं.सी बी शर्मा विजय शर्मा ने सिख समुदाय के प्रथम गुरु नानकदेव के देशभक्ति पूर्ण कार्यों सहित उनके जीवनवृत्त व प्रकाश पर्व पर प्रकाश डाला। पं.विनोद बिहारी दुबे पं.उमाशंकर उपाध्याय पं.सी पी मिश्रा प्रमेशशंकर शर्मा राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने कार्तिक पूर्णिमा के महत्तम को बताते हुए कहा किआज के दिन देवी तुलसी ने पृथ्वी पर जन्म लिया था।पूजा पाठ हवन दान सहित पूर्णिमा पर स्नान का विशेष महत्व है। डा.महेश त्रिपाठी डा.अनंत दुबे डा.केदार गुप्ता देवेन्द्र दुबे ने ठंड से बचाव योगा कसरत वाकिंग सहित धूप सेंकने की सलाह सभी वरिष्ठ जनों को दी।डी डी गोस्वामी सी बी नेमा आर के श्रीवास्तव ने धर्म अध्यात्म पर अपने विचार व्यक्त किये। बी एस पटेल मोती पटेल मदन श्रीवास्तव अशोक वर्मा प्रेमशंकर राघव राजेश जाट सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अपने सुविचार व्यक्त किये। इस अवसर पर वरिष्ठ जन परिषद के अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी परिषद द्वारा पुष्पमाला शाल श्रीफल से सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया।सभी सदस्यों ने उन्हें 70वें जन्मोत्सव की बधाईयां दीं।

### कुसुम नेमा का स्वर्गवास



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नेमा समाज के प्रतिष्ठित परिवार से रेडक्रास सोसायटी के पूर्व सचिव चंद्रभूषण नेमा (सीबी नेमा) की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम नेमा 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप विकास नेमा, विवेकदीप नेमा, विनय नेमा की माताजी है, विष्णु नेमा की भाभी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, पुनीत नेमा व नवनीत नेमा रिंकू की बड़ी माताजी है। उनकी अंतिम संस्कार यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रीति रिवाज से संपन्न हुआ तुलसी शालिग्राम का विवाह



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत अनेकों वर्षों से यादव कॉलोनी श्री देव चित्रगुप्त भवन में तुलसी शालिग्राम का विवाह पूरे रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी तुलसी शालिग्राम जी का विवाह संपूर्ण रीति रिवाज से आयोजित किया गया। लगन मंडप बर पक्ष एवं कन्या पक्ष के द्वारा पूरे विधि विधान से विवाह की रस्मो को निभाया ।

धूम धाम से बारात निकाली गई बधु पक्ष द्वारा बारात का स्वागत किया गया, सभी के द्वारा पाव पखारे गए संपूर्ण विवाह मंत्रोपचार से किया गया। भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वर पक्ष आदि शक्ति मंडल एंव वधू पक्ष जिला कायस्थ महिला सभा मंडल रहा। सभी महिलाओं ने इस कार्यक्रम में पूरे हर्षोल्लास के साथ अपनी भूमिका को निभाया। हिंदू धर्म में देव सयनी ग्यारस से देव उठनी ग्यारस तक सभी मांगलिक कार्य बंद रहते हैं तुलसी विवाह उपरांत सभी कार्य प्रारंभ हो जाते हैं क्योंकि भगवान विष्णु का 4 माह के लिए पाताल लोक में निवास होता है इस कारण पृथ्वी लोक में उनके बिना सभी मांगलिक कार्य नही हुआ करते।

दोनो पक्षों का कहना है की हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात की भगवान का विवाह करने का हमे प्रति वर्ष अवसर मिलता है।

# बालक एवं बालिका वर्ग के मध्य चला रोमांचक मैच

## प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा प्वाइंट हासिल करने वाली बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ और बालिका वर्ग में राजस्थान रही

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2024 के दूसरे दिन रविवार को बालक एवं बालिकाओं की अलग- अलग 16 टीमों ने अपना- अपना प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी, युवा, बच्चे और दूर- दराज से नागरिक आकर मैचों का लुफ्त उठाया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे दिन रविवार को कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ व पंजाब, पश्चिम बंगाल व झारखंड, केरल व सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, त्रिपुरा व जम्मू कश्मीर, हरियाणा व एनव्हीएस, उत्तराखंड व मध्यप्रदेश, कर्नाटक व मणिपुर एवं तेलंगाना व दादर नगर हवेली और बालिका वर्ग में तेलंगाना व मनिपुर, आंध्रप्रदेश व बिहार, केरल व त्रिपुरा, झारखंड व सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, तमिलनाडु व असम, पंजाब व छत्तीसगढ़, गुजरात व दिल्ली एवं राजस्थान व जम्मू कश्मीर के मध्य मैच खेला गया। कबड्डी प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा प्वाइंट से जीत हासिल करने वाली टीमों में बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने 61 प्वाइंट और बालिका वर्ग में राजस्थान ने 43 प्वाइंट से जीत हासिल की। इस अवसर पर भारतीय पुरूष कबड्डी टीम के पूर्व कोच और द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित बलवान सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, राव संदीप सिंह, प्रियांक जैन, पार्षदगण रीतेश राय, अंचल कोरी, सतीश कौरव, आनंद दुबे, आनंद गुर्जर, मिनेन्द्र डागा,एजजीएफ़आई फील्ड ऑफिसर अजय सिंह चंदेल, मप्र फेडरेशन के सचिव जीसी शर्मा, संतोष राजपूत, समस्त रेफरी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी मौजूद थे।

**खेले गये मैचों में बालक वर्ग की टीम** -खेले गये मैचों में बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने 80 प्वाइंट व पंजाब ने 19 प्वाइंट हासिल कर छत्तीसगढ़ ने 61 प्वाइंट से जीत हासिल की। इसी तरह पश्चिम बंगाल ने 42 प्वाइंट व झारखंड ने 35 प्वाइंट हासिल कर पश्चिम बंगाल ने 7 प्वाइंट से जीत दर्ज की। केरल ने 74 प्वाइंट व सीबीएसई डब्ल्यूएसओ ने 23 प्वाइंट हासिल कर केरल ने 51 प्वाइंट से जीत दर्ज की। त्रिपुरा ने 41 प्वाइंट व जम्मू कश्मीर ने 58 प्वाइंट बनाकर जम्मू कश्मीर ने 17 प्वाइंट से जीत हासिल की। हरियाणा ने 49 प्वाइंट व एनव्हीएस ने 48 प्वाइंट बनायें, जिसमें हरियाणा ने एक प्वाइंट से अपनी जीत हासिल की। उत्तराखंड ने 23 प्वाइंट व मध्यप्रदेश ने 42 प्वाइंट बनाकर मध्यप्रदेश ने 19 प्वाइंट से जीत हासिल की। कर्नाटक ने 67 व मणिपुर ने 27 प्वाइंट बनाकर कर्नाटक ने 40 प्वाइंट से जीत हासिल की और तेलंगाना ने 56 प्वाइंट व दादर नगर हवेली ने 28 प्वाइंट बनाये, जिसमें तेलंगाना ने 28 प्वाइंट से जीत हासिल की।

**खेले गये मैचों में बालिका वर्ग की टीम** -कबड्डी प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपनी- अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए भरकस प्रयास किये। बालिका वर्ग में तेलंगाना ने 42 प्वाइंट व मणिपुर ने 35 प्वाइंट हासिल कर तेलंगाना ने 7 प्वाइंट से अपनी जीत दर्ज की। आंध्रप्रदेश ने 17 प्वाइंट तो बिहार ने 52 प्वाइंट बनाकर बिहार ने 35 प्वाइंट से आंध्रप्रदेश को पराजित किया। केरल ने 46 प्वाइंट व त्रिपुरा ने 13 प्वाइंट बनाये, जिसमें केरल ने 33 प्वाइंट हासिल कर अपनी जीत दर्ज की।

झारखंड ने 27 प्वाइंट व सीबीएसई डब्ल्यूएसओ ने 22 प्वाइंट बनाकर झारखंड ने 5 प्वाइंट से जीत हासिल की। तमिलनाडु ने 46 प्वाइंट व आसाम ने 28 प्वाइंट बनाये, जिसमें तमिलनाडु ने 18 प्वाइंट हासिल कर जीत दर्ज की। पंजाब ने 48 प्वाइंट व छत्तीसगढ़ ने 20 प्वाइंट बनाये, जिसमें पंजाब ने 28 प्वाइंट से जीत हासिल की। गुजरात ने 28 प्वाइंट व दिल्ली ने 21 प्वाइंट बनाकर गुजरात ने 7 प्वाइंट से दिल्ली को हराया। राजस्थान ने 53 प्वाइंट व जम्मू कश्मीर ने 10 प्वाइंट बनाये, जिसमें राजस्थान ने 43 प्वाइंट से जीत हासिल की।

# नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों पर की चालानी कार्यवाही

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के नेतृत्व में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया जाकर नियम विरूद्ध वाहन चालाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गयी । साथ ही जिले में आने-जाने वाले यात्रियों सुविधा हेतु जिले की सीमा पर हेल्पलाईन नम्बरों के फलेक्स गलाए गए। जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार एवं सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन में विगत सप्ताह विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक भी किया गया एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही भी की गयी। विगत सप्ताह में चलाए गए अभियान के तहत तीन सवारी बैठने वाले दो पहिया वाहन



**जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा अभियान**

चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 153 चालकों के चालान काटे गए जिनसे कुल 76500 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है।

**स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गयी यातायात नियमों की जानकारी** - पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देश पर स्कूली छात्र-छात्राओं के यातायात नियमों की जानकारी देने एवं उनको नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस की टीमों द्वारा स्कूलों का भ्रमण कर छात्र-छत्राओं को यातायात नियमों से अवगत कराया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईस भी दी गयी।

**जिले की सीमा पर हेल्पलाईन नम्बरों के फ्लेक्स गलाए गए** - जिले में आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं उनके साथ किसी भी प्रकार की घटना होने पर उनको तत्काल सहायता मिल सके इस उद्देश्य से जिले की सीमाओं पर हेल्पलाईन नम्बरों के फलेक्स लगाए गए है ताकि यात्रियों को उक्त नम्बरों की जानकारी हो सके।

# गौ सेवा से मिलता है स्वास्थ्य व समृद्धि



## वनस्वर ने किया गौ माता पूजन कार्यक्रम

**करेली, देशबन्धु।** गाय की सेवा से व्यक्ति मात्र ही नहीं बल्कि पूरे समाज में सुख-समृद्धि आती है। विज्ञान ने प्रमाणित भी किया है कि गाय के दूध में अनेक पौष्टिक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य वर्धक हैं। गाय का गोबर भी कीटाणुओं को नष्ट करता है। वेद व पौराणिक कथाओं में भी गौ माता को श्रेष्ठ बताते हुए उनके पूजन और सेवा के महत्व को बताया गया है।

उक्ताशय के विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौ सेवा प्रकल्प के प्रांत संगठन मंत्री राजकुमारजी जैन ने वनस्वर द्वारा आयोजित गौ सेवा कार्यक्रम में व्यक्त किए। स्थानीय राजेन्द्र वार्ड स्थित शिव मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमारजी ने पंचगव्य गौ मूत्र से चिकित्सा आदि का महत्व बताते हुए गौ सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर गाय का तिलक लगाकर, पुष्प चढ़ाकर गुड़ चना खिलाकर पूजन किया गया।

इस मौके पर श्रीमती माया देवी ठाकुर, वनस्वर के संयुक्त निदेशक सृजनेश सिलाकारी, जिला संयोजक सौरभ सोनी ,जिला संगठन मंत्री रोहित नामदेव,पत्रकार भागीरथ तिवारी ,दीपक कोल, दीपक ठाकुर, शैलेंद्र कुमुद, खण्ड प्रचारक आकश तिवारी, भरत नेमा,भानू प्रताप कहार ,प्रमोद नेमा,प्रभात चौरसिया,, दीपक चढ़ार,योगेंद्र गुप्ता, दीक्षा, रानू,युवराज, शिवांश कोल,मासूम कुल, अमित कहार,डाली कहार,श्रीमती उमा द्विवेदी, श्रेयांस द्विवेदी, श्रीश द्विवेदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एपीके फाइल वाट्सएप पर भेज आपके मोबाइल में सेंध लगा रहे

**गाडरवारा, देशबन्धु।** ऑनलाइन ठगी के शातिर जालसाज अब उन लोगों को निशाना बना रहे हैं, जो ज्यादातर समय अपने मोबाइल पर बिताते हैं और इंटरनेट मीडिया पर आने वाली किसी भी लिंक को आसानी से खोल देते हैं। ठग इन यूजर्स को व्हाट्सएप या कॉल पर मैसेज भेजते हैं, जिसमें बैंक या आधार अपडेट के नाम पर एक एपीके (एंड्रायड एप्लीकेशन किट) फाइल का लिंक होता है।

**ठगी का यह नया तरीका?** - ठगों द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को डाउनलोड करने पर, वे आपके मोबाइल को हैक कर लेते हैं। इससे ठग मोबाइल का पूरा एक्सेस पा जाते हैं और आपकी निजी जानकारियां जैसे बैंक डिटेल्स, ओटीपी आदि को चुरा सकते हैं।

**व्हाट्सएप भी हो रहा है हैक** - सबसे पहले ठग आपके व्हाट्सएप को हैक करते हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि एक बार व्हाट्सएप हैक हो जाने पर, आपके द्वारा जुड़े सभी ग्रुप्स में यह फाइल भेजी जाती है, जिससे एक चेन बनती है और ज्यादा से ज्यादा लोगों के फोन को निशाना बनाया जाता है।

एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद, जालसाज आपके फोन के कैमरा, माइक्रोफोन, जीपीएस, मैसेज और ओटीपी तक पहुंच जाते हैं। इससे मोबाइल फोन की सारी जानकारी और ओटीपी ठगों के पास पहुंचने लगती है, और यूजर को इसकी भनक भी नहीं लगती कि उनकी जानकारी किसी और के पास जा रही है।

यदि आपके व्हाट्सएप या किसी अनजान ग्रुप में बैंक या आधार अपडेट के नाम पर कोई एपीके फाइल आती है, तो उसे भूलकर भी डाउनलोड न करें। ऐसा करने पर, जालसाज आपकी सारी निजी जानकारी चुरा सकते हैं और आपको पता भी नहीं चलेगा।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए